<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–30.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. महाकुंभ हादसे में झारखंड के दो समेत 30 लोगों की मौत, 60 घायल, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया शोक, यूपी सरकार ने दिये न्यायिक जांच के आदेश।
2. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को दी मंजूरी, अगले छह सालों में 24 अहम खनिजों की होगी खोज।
3. राज्य में उच्च शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र, शिक्षक और संस्थानों को अब मिलेगा अवार्ड, मंत्रिपरिषद ने प्रस्ताव को दी मंजूरी।
4. रांची समेत पूरे राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी का जताया अनुमान, ठंड से मिलेगी राहत।
5. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को सौंपे भूखंड के कागजात, घर बनाने के लिए सरकार देगी 35–35 लाख रुपये।

******************

प्रयागराज में महाकुंभ के संगम घाट पर कल हुई दुखद घटना में 30 लोगों की मृत्यु हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। संवाददाता सम्मेलन में कुंभ मेला क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने बताया कि यह घटना रात 1 से 2 बजे के बीच हुई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ में संगम घाट पर हुई घटना पर शोक व्यक्त किया है। राज्य सरकार ने पूरे मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिये हैं।

******************

महाकुंभ हादसे में झारखंड के भी दो श्रद्धालुओं की मौत हो गयी है। मृतकों में पलामू जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र की महिला गायत्री देवी और पूर्वी सिंहभूम के मुसाबनी निवासी शिवराज गुप्ता शामिल हैं। राज्य के करीब आधा दर्जन लोग घायल हैं। चार श्रद्धालुओं के लापता होने की बात भी कही जा रही है।

******************

केन्द्र सरकार ने 34 हजार करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी दे दी है। इस मिशन के तहत अगले छह सालों में 24 अहम खनिजों की खोज की जायेगी। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मिशन का उदेश्य महत्वपूर्ण खनिजों के आयात पर देश की निर्भरता कम करना है।

******************

राज्य सरकार अब उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय काम करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों और संस्थानों को सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना को मंजूरी प्रदान की गयी। कैबिनेट के अपर सचिव राजीव रंजन ने बताया कि इस पुरस्कार योजना से छात्र शोध के लिए प्रोत्साहित होंगे।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों द्वार मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराने के बाद राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने पुलिस के अन्य वरीय अधिकारियों के साथ चक्रधरपुर पहुंचकर ऑपरेशन में शामिल अधिकारियों और जवानों का हौसला बढ़ाया। श्री गुप्ता ने दावा किया कि झारखंड को बहुत जल्द नक्सलियों से पूर्ण रुप से मुक्त करा लिया जायेगा।

जैसा कि आपको मालूम है कि कल पश्चिमी सिंहभूम के सोनुआ थाना क्षेत्र के बिलैता गांव के पास पहाड़ी इलाके में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दो सदस्यों को मार गिराया। इनमें एक महिला नक्सली भी शामिल है।

******************

संसद के बजट सत्र से पहले सरकार ने आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस दौरान सरकार सभी दलों के प्रमुख नेताओं के साथ विचार–विमर्श करेगी और सत्र का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए दलों से सहयोग की अपेक्षा करेगी।

******************

पाकुड जिले में फाईलेरिया उन्मूलन के लिए प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं।

******************

रांची समेत राज्य भर में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखने लगा है। रांची और अन्य जिलों में हल्के बादल छाने और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी से ठंड में कमी आयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले तीन दिन में न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी के आसार हैं। इससे ठंड से राहत मिलेगी।

******************

राज्य सरकार ने भारतीय हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे और ओलिंपियन निक्की प्रधान को रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी में भूखंड आवंटित कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल दोनों को तीन हजार सात सौ पचास वर्ग फीट जमीन के कागजात सौंपे। इस मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों को घर बनाने के लिए सरकार 35–35 लाख रुपये भी देगी।

******************

<u>और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने महाकुंभ में हुए हादसे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– संगम किनारे बैरिकेड टूटे, सोए लोगों को कुचलती गयी भीड़, 30 की मौत।

प्रभात खबर ने महाकुंभ हादसे के अलावा हॉकी खिलाड़ी सलीमा और निक्की को हरमू में सीएम द्वार भूखंड दिये जाने की खबर को प्रमुखता दी है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– चाईबासा में मुठभेड़, महिला समेत दो नक्सली मारे गये।

दैनिक जागरण लिखता है– मतियस विजय टोप्पो को सरकार ने किया बर्खास्त।

रांची एक्सप्रेस ने महाकुंभ हादसे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा संवेदना व्यक्त करने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*************